संक्षेप में

फार्मा निर्यात वित्त वर्ष 2022 में बढ़ा

देश का फार्मा (दवाइयां आदि) निर्यात बीते वित्त वर्ष 2021-22 में 1,83,422 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2013-14 में फार्मा निर्यात 90,415 करोड़ रुपये था। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि कोविड महामारी से संबंधित दवाओं की मांग घटने और वैश्विक व्यापार में अड़चनें आने के बावजूद 2021-22 में फार्मा निर्यात ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। मंत्रालय ने कहा, भारतीय कंपनियों ने अपनी मूल्य प्रतिस्पर्धा और बेहतर गुणवत्ता से वैश्विक बाजारों में जगह बनाई है। दुनिया में 60 फीसदी वैक्सीन और 20 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से आ रही हैं। फार्मा उत्पादन में मात्रा के हिसाब से भारत दुनिया में तीसरे और मूल्य के हिसाब से 14वें स्थान पर है। मौजूदा घरेलू फार्मा उद्योग का आकार करीब 50 अरब डॉलर है। वैश्विक निर्यात में फार्मास्युटिकल्स और दवाओं का हिस्सा 5.92 फीसदी है। *भाषा*

संगीता सिंह को सीबीडीटी का अतिरिक्त प्रभार

भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी संगीता सिंह को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरपर्सन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जे बी महापात्र 30 अप्रैल को सीबीडीटी प्रमुख पद से सेवानिवृत्त हो गए हैं, जिसके बाद संगीता सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आदेश के अनुसार, आयकर कैडर की 1986 बैच की आईआरएस अधिकारी संगीता सिंह तीन महीने या नियमित चेयरमैन की नियुक्ति, जो भी पहले हो, तक सीबीडीटी के चेयरपर्सन का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगी। *भाषा*

चिप में बड़े निवेश की तैयारी

आईएसएमसी कर्नाटक में फैब्रिकेशन संयंत्र पर 22,900 करोड़ रुपये निवेश करेगा

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 1 मई

चिप के उत्पादन की तैयारी



- यह निवेश 65एनएम अनालॉक सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र के लिए किया जाएगा
- आईएसएमसी अबू धाबी स्थित नेक्स्ट ऑर्बिट वेंचर्स और इजरायल की टावर सेमीकंडक्टर के बीच संयुक्त उपक्रम है
- कर्नाटक में इस परियोजना से 1500 परोक्ष और 10,000 अपरोक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे

अंतरराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर कंसोर्टियम आईएसएमसी चिप निर्माण संयंत्र लगाने के लिए कर्नाटक में करीब 3 अरब डॉलर (22,900 करोड़ रुपये) का निवेश करेगा। कर्नाटक सरकार ने रविवार को इस राज्य में किए जाने वाले इस निवेश की पुष्टि की है। यह निवेश 65एनएम अनालॉक सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र के लिए किया जाएगा।

आईएसएमसी ने मैसूर के कोचाहल्ली औद्योगिक इलाके में 150 एकड़ भूमि की मांग की है। यह भारत सरकार द्वारा स्वीकृति परियोजना के संदर्भ में केंद्र सरकार के इंडियन सेमीकंडक्टर मिशन के तहत देश का पहला और सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्रों में से एक होगा। इस परियोजना से नजदीक के इलाके में 1,500 परोक्ष और करीब 10,000 अपरोक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में संबद्ध सेमीकंडक्टर तंत्र औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

आईटी, बीटी विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. ई वी रमना रेड्डी और आईएसएमसी के निदेशक अजय जालान ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

बोम्मई ने कहा, 'यह समझौता सेमीकंडक्टर फैब आकर्षित करने के लिए विभिन्न राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता है।' अपने कार्यालय में आईएसएमसी टीम से मुलाकात करने वाले बोम्मई ने कहा, 'कर्नाटक यह समझता है कि यह न सिर्फ वित्तीय रियायत है बल्कि अनुकूल इकोसिस्टम की उपलब्धता है और परिचालन को सुगम बनाना भी महत्वपूर्ण है। हमारे पास देश में श्रेष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर में से एक है और पर्याप्त कुशल प्रतिभाएं मौजूद हैं।'

टावर सेमीकंडक्टर इस परियोजना की मुख्य प्रौद्योगिकी भागीदार है और शुरू में इसे नेक्स्ट ऑर्बिट वेंचर्स फंड (एनओवीएफ) द्वारा वित्त पोषित किया गया था। आईएसएमसी कंसोर्टियम सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए केंद्र सरकार के 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज के लिए तीन आवेदकों में से एक है।

आईएसएमसी अबू धाबी स्थित नेक्स्ट ऑर्बिट वेंचर्स और इजरायल की टावर सेमीकंडक्टर के बीच संयुक्त उपक्रम है। अमेरिकी चिप निर्माता इंटेल कॉर्प ने टावर खरीदने की घोषणा की है।

बोम्मई ने कहा, 'राज्य के तौर पर, हम न सिर्फ व्यवसायों के लिए एंट्री बैरियर घटाने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि जरूरत पड़ने पर उन्हें व्यवसाय से बाहर निकलने की प्रक्रिया आसान बनाने पर भी जोर दे रहे हैं। मजबूत नीतियों के साथ प्रतिबद्ध टीम, श्रेष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर, और प्रतिभाशाली श्रमिकों की तेजी से बढ़ रही संख्या के साथ कर्नाटक प्रमुख निवेश स्थान बनने की राह पर है।'

उच्च शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सी एन अश्वत नारायण ने कहा कि कर्नाटक में सेमीकंडक्टर उत्पादन से राज्य की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, 'हम यहां निर्माण इकाइयां लगाने में वैश्विक कंपनियों को मदद मुहैया कराने के लिए उत्साहित हैं।'

डॉ. ई वी रमना रेड्डी ने कहा कि सेमीकंडक्टर में भारतीय निवेश में आई तेजी वैश्विक मांग के अनुरूप है।

रेड्डी ने कहा, 'हमने आईएसएमसी के लिए निवेश स्थान के तौर पर मैसूर में इलेक्ट्रॉनिक एवं सिस्टम्स डिजाइन क्लस्र का सुझाव दिया है।'

बोधि ट्री सिस्टम्स करेगी एलन में निवेश

विनय उमरजी
अहमदाबाद, 1 मई

परीक्षा की तैयारी कराने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी तैयार करने के लिए 4,500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना

रिलायंस और वायकॉम 18 के बाद जेम्स मर्डोक की ल्यूपा सिस्टम्स एवं उदय शंकर के प्लेटफॉर्म बोधि ट्री सिस्टम्स ने परीक्षा की तैयारी कराने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी तैयार करने के लिए एलन करियर इंस्टीट्यूट के साथ एक रणनीतिक साझेदारी में 60 करोड़ डॉलर यानी करीब 4,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह सौदा तीन महीने में पूरा होने की उम्मीद है और यह नियामकीय मंजूरियों पर निर्भर करेगा।

ल्यूपा सिस्टम्स के संस्थापक एवं सीईओ जेम्स मर्डोक और द वॉल्ट डिज्नी कंपनी एशिया पैसिफिक के पूर्व अध्यक्ष एवं स्टार व डिज्नी इंडिया के पूर्व चेयरमैन उदय शंकर द्वारा हाल में स्थापित प्लेटफॉर्म बोधि ट्री सिस्टम्स में कतर सरकार के सॉवरिन वेल्थ फंड कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (क्यूआईए) का भी निवेश है।

करीब 46 शहरों में 138 क्लासरूम के जरिये देश भर में और पश्चिम एशिया में बढ़ती मौजूदगी के साथ एलन परीक्षा की तैयारी कराने वाली प्रमुख कंपनियों में शुमार है। वह कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं और ओलंपियाड तक की तैयारी कराती है। एलन अब बोधि ट्री सिस्टम्स के साथ रणनीतिक साझेदारी के तहत परीक्षाओं की तैयारी के लिए अपनी पेशकश बढ़ाने की संभावनाएं तलाश रही है। ईवाई ने केवल इस सौदे के लिए विशेष वित्तीय सलाहकार की भूमिका निभाई बल्कि उसने बोधि ट्री को जांच-परख सेवाएं भी उपलब्ध कराई। एजेडबी ऐंड पार्टनर्स इस सौद के लिए कानूनी सलाहकार थी।

एलन संग रणनीतिक साझेदारी पर जारी एक संयुक्त बयान में मर्डोक और शंकर दोनों ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म परिणाम केंद्रित डिजिटल शिक्षा कंपनी तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा जो देश-विदेश के लाखों छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

राजेश माहेश्वरी द्वारा 1988 में स्थापित एलन अपनी स्थापना के बाद 25 लाख से अधिक युवाओं के जीवन तक पहुंच चुकी है।

एडलवाइस एआरसी 1,200 करोड़ रुपये के डूबते कर्ज खरीदेगी

अभिजित लेले
मुंबई, 1 मई

वित्त वर्ष 2023 में कंपनी को 5,000 से 6,000 करोड़ रुपये की रिकवरी का अनुमान

एडलवाइस ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एडलवाइस एआरसी) की योजना मौजूदा वित्त वर्ष में विशेष तौर पर खुदरा क्षेत्र के फंसे कर्ज की खरीद पर 1,200 करोड़ रुपये के निवेश की है।

कारोबारी माहौल में सुधार के साथ कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 में 5,000 से 6,000 करोड़ रुपये की रिकवरी का अनुमान लगाया है। मार्च 2022 के आखिर में कंपनी की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 40,251 करोड़ रुपये की थी।

प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों में कमी जारी रहने की संभावना है क्योंकि कुछ कॉरपोरेट एनपीए अब बाजार में हैं और सिक्योरिटी रिसीट्स जारी करने के बजाय सौदे लगातार नकदी में हो रहे हैं।

एडलवाइस एआरसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी आर के बंसल ने कहा, कंपनी ने मार्च 2022 में समाप्त वित्त वर्ष में 6,903 करोड़ रुपये की रिकवरी की और ध्यान अधिकतम समाधान और पोर्टफोलियो वाली परिसंपत्तियों के कायापलट पर रहा। वित्त वर्ष 22 में कंपनी ने दबाव वाली परिसंपत्तियों की खरीद पर करीब 1,308 करोड़ रुपये का निवेश किया।

वित्त वर्ष 21 में जब भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड महामारी की पहली लहर से धराशायी हुई थी तब उसकी रिकवरी 5,430 करोड़ रुपये की रही थी लेकिन उसने सिर्फ 474 करोड़ रुपये का निवेश किया।कंपनी लगातार बाजार में अग्रणी बनी हुई है और उसकी बाजार हिस्सेदारी एआरसी के क्षेत्र में करीब 45 फीसदी है। एआरसी बड़े आकार वाले कॉरपोरेट खाते में सक्रिय बनी हुई है। लेकिन वॉल्यूम कम है क्योंकि कई बड़े खातों का समाधान हो गया है या फिर वह नैशनल ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर जा रहे हैं।

कंपनी के बोर्ड ने एक या अधिक चरणों में एनसीडी के निजी नियोजन के जरिये 6,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी है, जो कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर करेगा।

वित्त वर्ष 2022 में कंपनी की कुल आय 899.27 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 21 में 867.38 करोड़ रुपये रही थी। इसके अलावा इस अवधि में शुद्ध लाभ 252.67 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 21 में 185.63 करोड़ रुपये रहा था।

ऐक्सिस बैंक का मिलाजुला रहा प्रदर्शन

निकिता वशिष्ट
नई दिल्ली, 1 मई

- परिचालन के मोर्चे पर कमजोर प्रदर्शन से निवेशकों की धारणा प्रभावित
- इक्विटी रिटर्न के मोर्चे पर बैंक के प्रदर्शन पर ब्रोकरेज की रहेगी नजर

बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर ऐक्सिस बैंक का शेयर शुक्रवार को 6.5 फीसदी लुढ़कर 729 रुपये पर बंद हुआ। वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में मार्जिन पर दबाव और शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में उम्मीद से कम वृद्धि होने के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इसके मुकाबले बेंचमार्क एसऐंडपी बीएसई सेंसेक्स में महज 0.8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

एडलवाइस सिक्योरिटीज के विश्लेषकों ने कहा, 'वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में ऐक्सिस बैंक का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। बैंक ने 4,118 करोड़ रुपये के शुद्ध मुनाफे के साथ दमदार प्रदर्शन किया जिसे उधारी लागत में कमी से बल मिला। विश्लेषकों को उम्मीद नहीं थी कि ऐक्सिस बैंक का मूल्यांकन दूसरों के अनुरूप रहेगा। एनआईआई के मोर्चे पर सुस्ती, सिटी सौदे के वित्तपोषण के लिए लंबित रकम और परिचालन खर्च अनुमान में वृद्धि को देखते हुए ऐसा अनुमान जाहिर किया गया था।

जेफरीज ने कहा कि भले ही 17 फीसदी की एनआईआई वृद्धि अच्छी दिख रही हो लेकिन जमा लागत में वृद्धि के कारण क्रमिक आधार पर रफ्तार सुस्त रही। इससे शुद्ध ब्याज मार्जिन को झटका लगा और वह सालाना आधार पर 7 आधार अंक एवं तिमाही आधार पर 4 आधार अंक घटकर 3.5 फीसदी दर्ज किया गया।

जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों ने कहा कि बैंक की दमदार परिसंपत्ति गुणवत्ता और कम प्रावधान के साथ वित्त वर्ष 2023 में उधारी लागत सामान्य स्तर से नीचे रह सकती है। उन्होंने कहा कि परिचालन खर्च अधिक होने से शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) प्रभावित हो सकता है।

इस बीच, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने कहा कि 16 से 18 फीसदी के इक्विटी रिटर्न लक्ष्य से शुद्ध ब्याज मार्जिन में सुधार होगा। इसे मुख्य तौर पर परिसंपत्ति मेल में बदलाव, अतिरिक्त नकदी की तैनाती, कम लागत वाली जमा में वृद्धि और कम प्रतिफल वाले आरआईडीएफ निवेश में धीरे-धीरे गिरावट से बल मिलेगा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज ने कहा कि ऐक्सिस बैंक के प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2025 तक 18 फीसदी आरओई के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि वह 16.5 फीसदी तक पहुंच पाएगा। ब्रोकरेज ने कहा कि उसका मानना है कि बैंक वित्त वर्ष 2024 में 1.6 फीसदी का आरओए और 15.7 फीसदी आरओई दर्ज करेगा।

OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

• पंजीकृत कार्यालयः 9, एम.पी. नगर, प्रथम स्ट्रीट, कोन्गू नगर एक्स., तिरूपुर-641607, तमिलनाडु • कारपोरेट कार्यालयः सी/515, कनाकिया जिलियन, एलबीएस रोड और सीएसटी रोड का जंक्शन बीकेसी एनैक्स, निकट इक्विनोक्स, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070, फोन नं.: (022) 26544000, महाराष्ट्र

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)
परिशिष्ट-IV नियम 8(1)

जबकि, एसाइनमेंट करार दिनांकित **26.02.2021** द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 5 के तहत **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल)**, कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित और वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफासी अधिनियम, 2002") की धारा 3 के तहत एक एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के रूप में **भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई)** में पंजीकृत एक कंपनी; सीआईएन नं. U67100TZ2014PTC020363 और इसका **पंजीकृत कार्यालयः 9, एम.पी. नगर, प्रथम स्ट्रीट, कोन्गू नगर एक्स., तिरूपुर-641607 और कारपोरेट कार्यालयः सी/515, कनाकिया जिलियन, एलबीएस रोड और सीएसटी रोड का जंक्शन बीकेसी एनैक्स, निकट इक्विनोक्स, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070, "ओमकारा पीएस 22/2020-21 ट्रस्ट"** के एक ट्रस्टी की क्षमता से कार्य करते हुए, ने **कर्जदार/सह-कर्जदार /बंधककर्ताओं श्री राधे मोहन सिंह और श्रीमती राधा सिंह** के समस्त बकाया राशि के सभी अधिकार, हक और हित का अधिग्रहण कर लिया है।

और जबकि, **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) के प्राधिकृत अधिकारी ने** वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर **मांग सूचना दिनांकित 31.08.2021** जारी की थी जिसमें **कर्जदारों/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं** से सूचना में निर्दिष्ट दिनांक **01.01.2021** को राशि **₹17,63,875.31 (रुपये सत्रह लाख तिरसठ हजार आठ सौ पिचहत्तर और इकत्तीस पैसा मात्र)** और भुगतान की तारीख तक भविष्य की ब्याज, व्ययों, लागतों, प्रभारों आदि को उक्त सूचना प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर अदा करने के लिए कहा गया।

साथ ही यह रिकॉर्ड पर है कि मूल ऋणदाता **फुलरटॉन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (एफआईसीसीएल)** ने पंजीकृत एसाइनमेंट दिनांकित **26.02.2021** द्वारा सरफासी अधिनियम के प्रावधानों के तहत अंतर्निहित प्रतिभूतियों सहित उपर्युक्त कर्जदारों/ऋण खाते के विरुद्ध निहित समस्त बकाया ऋण के अपने सभी अधिकार, हक और हित **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड, ओमकारा पीएस 22/2020-21 ट्रस्ट के ट्रस्टी** की क्षमता से कार्य करते हुए, के पक्ष में सुपुर्द कर दिए हैं।

ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) के पक्ष में ऋण/वित्तीय परिसंपत्तियों के उक्त एसाइनमेंट के अनुसरण में **फुलरटॉन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (एफआईसीसीएल)** के स्थान पर आ गया है और समस्त बकाया देयों की वसूली और प्रतिभूति प्रवर्तन के लिए अधिकृत हो गया है।

कर्जदार/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं द्वारा राशि का भुगतान करने में असफल रहने पर सरफासी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस दिनांकित 31.08.2021 के अनुसार सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (12) के तहत विधिवत् नियुक्त **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमवाली, 2002 के नियम 8** के साथ पठित उक्त [अधिनियम] की धारा 13 की उप-धारा(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे उल्लिखित प्रत्याभूत परिसंपत्तियों/अचल संपत्तियों का **26 अप्रैल, 2022** को कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं और उनके विधिक उत्तराधिकारियों और सामान्य रूप में सर्व जन को संपत्ति से कोई लेन-देन न करने के लिए आगाह किया जाता है और संपत्ति का कोई भी लेन-देन दिनांक **01.01.2021** को राशि **₹ 17,63,875.31 (रुपये सत्रह लाख तिरसठ हजार आठ सौ पिचहत्तर और इकत्तीस पैसा मात्र)** और भुगतान और वसूली की तारीख तक भविष्य की ब्याज, व्ययों, लागतों, प्रभारों आदि के लिए **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड, ओमकारा पीएस 22/2020-21 ट्रस्ट के ट्रस्टी** की क्षमता से कार्य करते हुए, **कारपोरेट कार्यालयः सी/515, कनाकिया जिलियन, एलबीएस रोड और सीएसटी रोड का जंक्शन बीकेसी एनैक्स, निकट इक्विनोक्स, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070** के प्रभार के अधीन होगा।

प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों में कर्जदार/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं और उनके विधिक उत्तराधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

उपर्युक्त खाते में कंपनी को रेहन/सुपुर्द/प्रभारित/बंधक और जिनका कब्जा लिया गया है, उन परिसंपत्तियों/संपत्तियों का विवरण निम्नवत् हैः

अचल संपत्ति का विवरण

दुकान नं. 7, माप 576 वर्ग फुट, संपत्ति नं. 210 का भूतल/खसरा नं. 210 का भाग/नगर निगम नं. सी-210, बाथा सबोली, सेक्टर एन, अलीगंज, कुर्सी रोड, लखनऊ के सभी भाग व खंड और सीमाएंः- पूर्वः रास्ता और फिर कुर्सी रोड; पश्चिमः सीढ़ियाँ, उत्तरः दुकान; दक्षिणः रास्ता

हिते ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड
(ओमकारा पीएस 22/2020-21 ट्रस्ट के ट्रस्टी की क्षमता से कार्य करते हुए)
(प्राधिकृत अधिकारी) • ईमेल आईडीः ankur.rastogi@omkaraarc.com

दिनांकः 26 अप्रैल, 2022
स्थानः लखनऊ, उ.प्र.

OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

• पंजीकृत कार्यालयः 9, एम.पी. नगर, प्रथम स्ट्रीट, कोन्गू नगर एक्स., तिरूपुर-641607, तमिलनाडु • कारपोरेट कार्यालयः सी/515, कनाकिया जिलियन, एलबीएस रोड और सीएसटी रोड का जंक्शन बीकेसी एनैक्स, निकट इक्विनोक्स, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070, फोन नं.: (022) 26544000, महाराष्ट्र

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)
परिशिष्ट-IV नियम 8(1)

जबकि, एसाइनमेंट करार दिनांकित **26.02.2021** द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 5 के तहत **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल)**, कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित और वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफासी अधिनियम, 2002") की धारा 3 के तहत एक एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के रूप में **भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई)** में पंजीकृत एक कंपनी; सीआईएन नं. U67100TZ2014PTC020363 और इसका **पंजीकृत कार्यालयः 9, एम.पी. नगर, प्रथम स्ट्रीट, कोन्गू नगर एक्स., तिरूपुर-641607 और कारपोरेट कार्यालयः सी/515, कनाकिया जिलियन, एलबीएस रोड और सीएसटी रोड का जंक्शन बीकेसी एनैक्स, निकट इक्विनोक्स, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070, "ओमकारा पीएस 22/2020-21 ट्रस्ट"** के एक ट्रस्टी की क्षमता से कार्य करते हुए, ने **कर्जदार/सह-कर्जदार /बंधककर्ताओं 1. श्री भूपेन्द्र सिंह 2. श्रीमती धन देवी 3. श्री विजय सिंह यादव और 4. श्री महेन्द्र सिंह यादव** के समस्त बकाया राशि के सभी अधिकार, हक और हित का अधिग्रहण कर लिया है।

और जबकि, **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) के प्राधिकृत अधिकारी ने** वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर **मांग सूचना दिनांकित 31.01.2022** जारी की थी जिसमें **कर्जदारों/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं** से सूचना में निर्दिष्ट दिनांक **31.12.2021** को राशि **₹42,75,149.76 (रुपये बयासी लाख पिचहत्तर हजार एक सौ उनचास और छिहत्तर पैसा मात्र)** और भुगतान की तारीख तक भविष्य की ब्याज, व्ययों, लागतों, प्रभारों आदि को उक्त सूचना प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर अदा करने के लिए कहा गया।

साथ ही यह रिकॉर्ड पर है कि मूल ऋणदाता **फुलरटॉन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (एफआईसीसीएल)** ने पंजीकृत एसाइनमेंट दिनांकित **26.02.2021** द्वारा सरफासी अधिनियम के प्रावधानों के तहत अंतर्निहित प्रतिभूतियों सहित उपर्युक्त कर्जदारों/ऋण खाते के विरुद्ध निहित समस्त बकाया ऋण के अपने सभी अधिकार, हक और हित **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड, ओमकारा पीएस 22/2020-21 ट्रस्ट के ट्रस्टी** की क्षमता से कार्य करते हुए, के पक्ष में सुपुर्द कर दिए हैं।

ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) के पक्ष में ऋण/वित्तीय परिसंपत्तियों के उक्त एसाइनमेंट के अनुसरण में **फुलरटॉन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (एफआईसीसीएल)** के स्थान पर आ गया है और समस्त बकाया देयों की वसूली और प्रतिभूति प्रवर्तन के लिए अधिकृत हो गया है।

कर्जदार/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं द्वारा राशि का भुगतान करने में असफल रहने पर सरफासी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस दिनांकित **31.01.2022** के अनुसार सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (12) के तहत विधिवत् नियुक्त **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमवाली, 2002 के नियम 8** के साथ पठित उक्त [अधिनियम] की धारा 13 की उप-धारा(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे उल्लिखित प्रत्याभूत परिसंपत्तियों/अचल संपत्तियों का **27 अप्रैल, 2022** को कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं और सामान्य रूप में सर्व जन को संपत्ति से कोई लेन-देन न करने के लिए आगाह किया जाता है और संपत्ति का कोई भी लेन-देन दिनांक **31.12.2021** को राशि **₹42,75,149.76 (रुपये बयासी लाख पिचहत्तर हजार एक सौ उनचास और छिहत्तर पैसा मात्र)** और भुगतान और वसूली की तारीख तक भविष्य की ब्याज, व्ययों, लागतों, प्रभारों आदि के लिए **ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड, ओमकारा पीएस 22/2020-21 ट्रस्ट के ट्रस्टी** की क्षमता से कार्य करते हुए, **कारपोरेट कार्यालयः सी/515, कनाकिया जिलियन, एलबीएस रोड और सीएसटी रोड का जंक्शन बीकेसी एनैक्स, निकट इक्विनोक्स, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070** के प्रभार के अधीन होगा।

प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों में कर्जदार/सह-कर्जदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

उपर्युक्त खाते में हमारी कंपनी को रेहन/सुपुर्द/प्रभारित/बंधक और जिनका कब्जा लिया गया है, उन परिसंपत्तियों/संपत्तियों का विवरण निम्नवत् हैः

अचल संपत्ति का विवरण

संपत्ति मकान नं. 270-बी (11) आराजी नं. 104 का भाग, नौबस्ता, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208021 के सभी भाग व खंड और सीमाएंः- उत्तरः आराजी का भाग; दक्षिणः यादव का प्लॉट; पूर्वः 30 फुट चौड़ा रोड; पश्चिमः आराजी नं. 1048/1718

हिते ओमकारा एसेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड
(ओमकारा पीएस 22/2020-21 ट्रस्ट के ट्रस्टी की क्षमता से कार्य करते हुए)
(प्राधिकृत अधिकारी) • ईमेल आईडीः ankur.rastogi@omkaraarc.com

दिनांकः 27 अप्रैल, 2022
स्थानः कानपुर, उ.प्र.

IndoStar Home Finance Private Limited
Registered Office : One World Center, 20th Floor, Tower 2A, Jupiter Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Mumbai – 400 013
CIN : U65990MH2016PTC271587 **Tel:** +91 22 43157000; **Fax:** +91 22 43157010
Email: contact@indostarcapital.com; **Website:** www.indostarhfc.com

सूचना

एतद्द्वारा मूल निर्देश-गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-हाउसिंग फाइनैंस कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देशावलियां, 2021 के अनुच्छेद 93 के मद्देनजर सूचना दी जाती है कि **फौजी बिल्डिंग होम, पृथ्वी नगर औरंगाबाद जागीर, शहीद पथ के निकट, बिजनौर रोड लखनऊ-पिन 226002, उ.प्र.** में स्थित कंपनी का शाखा कार्यालय **1 अगस्त, 2022** के व्यवसायिक घंटे के समाप्त होने के साथ बंद कर दिया जाएगा। चूंकि इस कार्यालय के कार्य परिचालन को **301-302, तीसरी मंजिल, स्काई हाई चेम्बर्स पार्क रोड, लखनऊ-226001** पर स्थित निकटवर्ती शाखा कार्यालय में स्थानांतरित किया जा रहा है।

किसी भी तरह की सहायता की जरूरत पड़ने पर आप यहां ऊपर उल्लेखित निकटवर्ती शाखा कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **contact@indostarcapital.com** पर ईमेल भेजें।

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट (**www.indostarhfc.com**) पर देखी जा सकती है।

कृते **इंडोस्टार होम फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड**
हस्ता/-
निधि सदानी
कंपनी सचिव

तारीखः 01-05-2022

बिज़नेस स्टैंडर्ड
लखनऊ संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, बी-5, अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ, उ. प्र. से मुद्रित एवं C/o महेश शुक्ला, हनुमान मन्दिर के पीछे, आई.टी. बिल्डिंग, हजरत गंज लखनऊ, उ.प्र. 226001 से प्रकाशित
संपादकः कैलाश नौटियाल

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS

डिस्क्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।
कोई हवाई अधिभार नहीं

रीट, इनविट से जुटाई गई रकम घटी

दुनियाभर में फैली अनिश्चितता और शेयर बाजारों में उठापटक की वजह से निवेश के उभरते साधनों रियल एस्टेट निवेश न्यास (रीट) एवं अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) के जरिए धन जुटाने की गतिविधियां वित्त वर्ष 2021-22 में करीब 59 फीसदी गिरकर 22,145 करोड़ रुपये पर आ गईं। बाजार नियामक सेबी के पास उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि रीट एवं इनविट के जरिए जुटाए गए धन में तीव्र गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2020-21 में इन साधनों से 54,731 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। *भाषा*

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. यॉं/246/1/15/22-23/ओटी-03

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्ज़तनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।, **क्रम.सं.:- 1, कार्य का संक्षिप्त विवरणः-** पूर्वोत्तर रेलवे, यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में स्थापित हाइड्रोलिक व्हील प्रेस मशीन 500 टंन के रेट्रोफिटमेंट का कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार), **अनुमानित लागत (रु0 में):-** रु 9,99,600.00 (रुपये नौ लाख निन्यानवे हजार छह सौ मात्र), **जमानत राशि (रु0 में):-** रु 20,000.00 (रुपये बीस हजार मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0):-** शून्य, **कार्य अवधिः-** 30 कार्य दिवस, **निविदा खुलने की तिथि व समयः-** 26.05.2022 15:30 बजे। **नोटः- 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 25.04.2022 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 26.05.2022 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास-II डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **4.** ई-निविदा हेतु धरोहर राशि ई-भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

यॉंत्रिक कारखाना, इज्जतनगर
मुजाधि/यांत्रिक-06

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कोविड से इतर दवाओं के लिए भी फास्ट-ट्रैक मंजूरी!

घरेलू दवा उद्योग ने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से आग्रह किया है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान टीका अथवा कोविड उपचार की दवाओं के लिए अपनाई गई फास्ट-ट्रैक मंजूरी प्रक्रिया का विस्तार गैर-कोविड दवाओं तक भी किया जाए।

विभिन्न उद्योग सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि की है। बिजनेस स्टैंडर्ड से बात करते हुए एक दवा उद्योग संगठन के प्रमुख ने कहा, 'कोविड-19 के दौरान सीडीएससीओ ने रोगियों के उपचार के लिए तत्काल आवश्यक दवाओं और टीकों के लिए फास्ट-ट्रैक मंजूरी प्रक्रिया को अपनाया था। रेमडेसिविर अथवा फैविपिराविर जैसी दवाएं इसके उदाहरण हैं। उद्योग ने आग्रह किया है कि अब इस बेहतरीन प्रथा को गैर-कोविड दवाओं की मंजूरी के लिए भी औपचारिक तौर पर अपनाया जाए।' *बीएस*